an>

Title : The Speaker made references to the passing away of Shri Ram Swaroop Sharma, sitting Member of the 17th Lok Sabha and Shri Manohar Lal Saini, Member of the 6th and 7th Lok Sabhas.

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को बहुत दुख के साथ सूचित करना है कि हमारे साथी श्री रामस्वरूप शर्मा और एक पूर्व साथी श्री मनोहर लाल सैनी के निधन के बारे में सूचना मिली है।

श्री रामस्वरूप शर्मा वर्तमान लोक सभा के सदस्य थे और वे 16वीं लोक सभा के भी सदस्य थे, जिन्होंने हिमाचल प्रदेश के मंडी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। एक सक्षम सांसद श्री शर्मा विदेशी मामलों संबंधी समिति के सदस्य थे।

श्री रामस्वरूप शर्मा का निधन नई दिल्ली में 17 मार्च, 2021 को 62 वर्ष की आयु में हुआ।

श्री मनोहर लाल सैनी छठी और सातवीं लोक सभा के सदस्य थे, उन्होंने हरियाणा के क्रमशः महेन्द्रगढ़ और कुरूक्षेत्र संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

श्री मनोहर लाल सैनी का निधन नई दिल्ली में 8 मार्च, 2021 को 81 वर्ष की आयु में हुआ। हम अपने साथी और पूर्व साथी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और यह सभा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करती है।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में थोड़ी देर मौन रहेगी।

<u>11.01 hrs</u>

The Members then stood in silence for a short while.

माननीय अध्यक्ष: ॐ शांति। ॐ शांति। ॐ शांति।

सभा की कार्यवाही अपराह्न 1 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

11.04 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Thirteen of the Clock.

-

____